हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 26 .5 डिग्री से.

11 जगन्नाथ रथयात्रा सामाजिक समरसता का महान पर्व



12 ट्रेन में सफर कर खिलखिलाए छात्राओं के चेहरे



**खबर संक्षेप**

### युवती से वीडियो कॉल के बाद श्रमिक ने फंदा लगाया

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र की गैडोर कॉलोनी में किराये के कमरे में रह रहे एक प्रवासी श्रमिक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के कर्माडीह गांव निवासी 26 वर्षीय पिंटू लोहार के रूप में हुई है। वह कुंडली स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना से कुछ देर पहले पिंटू ने पश्चिम बंगाल की रहने वाली अपनी एक परिचित युवती से वीडियो कॉल पर बात की थी। इसके बाद उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

### सफारी की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर गांव रसोई के पास तेज रफ्तार टाटा सफारी की टक्कर से स्कूटी सवार एक श्रमिक की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंडली थाना पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के निगुकापुरवा गांव निवासी कंचन देवी ने शिकायत में बताया कि उनके पति राजा दशरथ कुंडली की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। वह स्कूटी से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान गांव रसोई के पास पीछे से आई तेज रफ्तार टाटा सफारी ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल राजा दशरथ को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

### युवक से मोबाइल छीनकर फरार हुए तीन बदमाश

**सोनीपत।** एनएच-44 स्थित कामी फिलिंग स्टेशन के सामने स्कूटी सवार तीन बदमाश एक युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। बिहार के वैशाली निवासी गोविंद ने पुलिस को बताया कि वह कामी फिलिंग स्टेशन पर पंक्चर बनाने का काम करता है। वह पेट्रोल पंप संचालक को पानी देकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान स्कूटी पर आए तीन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि एक युवक ने उसका मुंह दबा दिया, जबकि दूसरे ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का सोनीपत में भव्य स्वागत

- कृष्णलाल पंवार के नेतृत्व में हुआ ऐतिहासिक स्वागत, भारत माता के जयघोष से गूंजा रेलवे स्टेशन
- प्रधानमंत्री मोदी ने जींद से दिखाई हरी झंडी, सोनीपत पहुंचने पर विद्यार्थियों और नागरिकों ने किया आधुनिक ट्रेन का जोरदार स्वागत
- 210 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड और पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपी गईं प्रतीकात्मक चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित प्रदूषण मुक्त ट्रेन के सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर लोगों ने तालियां बजाकर और भारत माता के जयघोष के साथ इस ऐतिहासिक उपलब्धि का स्वागत किया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। वहीं मोहाना स्टेशन पर एसडीएम प्रवेश कादियान के नेतृत्व में हाइड्रोजन ट्रेन के स्वागत के लिए हवन किया गया। कृष्णलाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत को हरित परिवहन के नए युग में प्रवेश कराया है।

- जिलास्तरीय कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। हाइड्रोजन ट्रेन स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन का नया विकल्प बनेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1853 में भारत की पहली रेल मुंबई के बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी, जबकि वर्ष 2026 में हरियाणा की धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू होकर भारतीय रेलवे के इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत, वैज्ञानिक क्षमता और आधुनिक तकनीक का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री कृष्णलाल पंवार ने 210 पात्र लाभार्थियों को हरियाणा रोडवेज की निशुल्क यात्रा सुविधा के लिए हैप्पी कार्ड वितरित किए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को नए आवासों की प्रतीकात्मक चाबियां भी सौंपीं। सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन भारत को आधुनिक और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था की दिशा में नई पहचान दिलाएगी। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने इसे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया, जबकि पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन मोबिलिटी के संकल्प को नई गति देगी। राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने इसे पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

*(-संबंधित समाचार पेज 12 पर भी)*



**सोनीपत।** स्टेशन पर हाइड्रोजन ट्रेन का स्वागत करते विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार।



उत्साहित नजर आए यात्री

### मेयर ई-रिक्शा चलाकर रेलवे स्टेशन पहुंचे

इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ई-रिक्शा चलाकर रेलवे स्टेशन पहुंचे और कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन से सोनीपत का जुड़ना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।



## रील बनाने के दौरान यमुना में डूबे दो किशोर, एक को बचाया, दूसरे की तलाश जारी

- स्कूल की छुट्टी के बाद दोस्तों संग पबनेरा घाट पहुंचे थे छात्र, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

पबनेरा गांव स्थित यमुना घाट पर शुक्रवार दोपहर रील बनाने के दौरान नहाने उतरे दो किशोर नदी में डूब गए। मौके पर मौजूद श्रमिकों ने एक किशोर को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि 15 वर्षीय दानिश यमुना के तेज बहाव में लापता हो गया। देर शाम तक पुलिस और गोताखोरों की टीम उसके तलाश अभियान में जुटी रही, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी के अनुसार उमेदगढ़ गांव निवासी दानिश पबनेरा के राजकीय विद्यालय में पढ़ता था। स्कूल की छुट्टी के बाद वह अपने साथी अंश और दो अन्य दोस्तों के साथ यमुना के पबनेरा घाट पर गया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान वे रील बना रहे थे। इसके बाद दानिश और अंश नदी में नहाने के लिए उतर गए, जबकि उनके दो साथी किनारे पर ही खड़े रहे। नहाते समय दोनों किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर ठोकर निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर अंश को बाहर निकाल लिया, लेकिन दानिश तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश अभियान शुरू किया गया, जो देर शाम तक जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक दानिश का कोई सुराग नहीं लग पाया था।



**गन्नौर।** बचाव अभियान चलाते ग्रामीण।

## पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने वाला ट्रक चालक काबू



**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने अवैध खनन से भरे ट्रक से पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नूंह जिले के गांव नूरपुर निवासी समीम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 28 जून की सुबह यमुना बांध पर तैनात पुलिस टीम ने रेत से भरे ट्रक को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने ट्रक रोकने के बजाय पुलिस कर्मियों को धमकी दी और जान से मारने की नीयत से सरकारी वाहन में टक्कर मार दी। घटना में पुलिस चालक बाल-बाल बच गया, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित समीम को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### नौकरी की तलाश में निकला 22 वर्षीय युवक लापता, केस दर्ज

**खरखौदा।** पुलिस ने 22 वर्षीय युवक के लापता होने के मामले में परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में परिजनों ने बताया कि युवक करीब 29 जून को नौकरी की तलाश के लिए घर से निकला था, लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लग सका। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही उसका पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

## जीटी रोड पर एक्सल टूटने से रिफाइंड से भरा ट्रक पलटा



**गन्नौर।** जीटी रोड पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस-2 गेट के समीप गुरुवार को रिफाइंड से भरा ट्रक अचानक एक्सल टूटने से पलट गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बच गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार राजस्थान के अलवर से रिफाइंड लोड कर पंजाब के मोहाली जा रहा ट्रक जब बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस-3 के पास पहुंचा तो अचानक उसके अगले पहिये का एक्सल टूट गया। भारी वजन के कारण ट्रक के दोनों अगले पहिये अलग हो गए और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। इसके बाद ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक चालक गुरमीत ने बताया कि अचानक हुए हादसे के कारण उसे संभलने का मौका नहीं मिला। हालांकि आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने समय रहते अपने वाहन रोक लिए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया।

- बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास हुआ हादसा, चालक सुरक्षित, कुछ देर प्रभावित रहा यातायात

शहर के कई इलाकों में साढ़े चार घंटे बिजली गुल, उमस से लोगों का हाल बेहाल

# बिजली संकट के बीच पावर हाउस में हंगामा कर्मचारियों पर नशे में अभद्रता के आरोप

- शिकायत लेकर पहुंचे उपभोक्ताओं का आरोप- शिकायत केंद्र बंद मिला, कर्मचारी नशे में धुत होकर करने लगे अभद्र व्यवहार
- मेडिकल जांच की मांग उठते ही मौके से निकलने लगे कर्मचारी, लोगों ने घेरकर जताया विरोध
- बिजली निगम बोला- 10 से 12 जगह केबल फाल्ट से बाधित हुई आपूर्ति, एसडीओ को जांच के निर्देश

**सोनीपत।** शहर में लगातार गहराते बिजली संकट के बीच वीरवार देर रात ओल्ड डीसी रोड स्थित बिजली निगम के पावर हाउस में हाईप्रोफाइल हंगामा हो गया। शहर के कई इलाकों में करीब साढ़े चार घंटे बिजली गुल रहने से परेशान उपभोक्ता शिकायत लेकर पावर हाउस पहुंचे। लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत केंद्र बंद मिला और अंदर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने नशे की हालत में उनसे अभद्र व्यवहार किया। घटना को लेकर देर रात तक पावर हाउस परिसर में हंगामा चलता रहा। शहर में बढ़ती उमस और बिजली की रिकॉर्ड मांग के बीच लगातार चौथे दिन लंबी बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई। ओल्ड डीसी रोड, पटेल नगर, नरेंद्र नगर, मॉडल टाउन, चार मरला, आठ मरला समेत कई क्षेत्रों में रात करीब 10 बजे से 2:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान दो बार केवल थोड़ी देर के लिए बिजली आई और फिर आपूर्ति ठप हो गई। बिजली नहीं आने से परेशान उपभोक्ता देर रात ओल्ड डीसी रोड स्थित बिजली निगम के एसई कार्यालय और शिकायत केंद्र पहुंचे। लोगों का आरोप है कि शिकायत केंद्र का दरवाजा बंद था और अंदर मौजूद कर्मचारी नशे में थे। जब उन्होंने बिजली आपूर्ति बहाल करने की बात कही तो कर्मचारियों ने समाधान करने के बजाय उनसे अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद लोगों ने कर्मचारियों का मेडिकल कराने की मांग उठाई। आरोप है कि इसी बीच कुछ कर्मचारी वहां से निकलने लगे, जिन्हें लोगों ने रोक लिया। इस दौरान काफी देर तक बहस और हंगामे की स्थिति बनी रही।



**सोनीपत ।** ओल्ड डीसी रोड स्थित बिजली निगम के शिकायत केंद्र पर बहसबाजी

### कर्मचारियों के नशे में होने के आरोपों से इनकार

बिजली निगम के एक्सईएन सिटी रणबीर देशवाल ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण बिजली का लोड बढ़ने से शहर में 10 से 12 स्थानों पर केबल फाल्ट और केबल जलने की घटनाएं हुईं। इसी कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। अधिकांश स्थानों पर रात में ही आपूर्ति बहाल कर दी गई, जबकि कुछ जगह अस्थायी व्यवस्था की गई। उन्होंने कर्मचारियों पर नशे के आरोप से इनकार करते हुए कहा कि मामले की जांच के लिए एसडीओ प्रदीप खोखर को निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सुपर-100 ने दिखाया दम, चार विद्यार्थियों ने नीट किया पास

- रविता ने हासिल की 466वीं श्रेणी रैंक, साहिल, अन्नु और मयंक भी रहे सफल
- सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों ने मेहनत से रचा सफलता का नया अध्याय

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सोनीपत जिले के चार विद्यार्थियों ने नीट-2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। सफल विद्यार्थियों में रविता, साहिल, अन्नु और मयंक शामिल हैं। रविता ने अपनी श्रेणी में 466वीं रैंक हासिल की है। परिणाम घोषित होने के बाद अभिभावकों, शिक्षकों और संबंधित विद्यालयों में खुशी का माहौल है। सुपर-100 योजना के तहत सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को नीट, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाती है। चयनित विद्यार्थियों के रहने, खाने और अध्ययन का पूरा खर्च शिक्षा विभाग वहन करता है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सोनीपत जिले के 19 विद्यार्थियों का सुपर-100 योजना के लिए चयन हुआ था। इनमें से दो विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण केंद्र ज्वाइन नहीं किया, जबकि 17 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर नीट-2026 परीक्षा दी। इनमें से चार विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रदेश स्तर पर सुपर-100 योजना के 62 विद्यार्थियों ने नीट-2026 परीक्षा दी थी, जिनमें से 51 सफल रहे। हिसार के आठ, रोहतक के सात और गुरुग्राम के पांच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। सोनीपत, झज्जर, भिवानी और फरीदाबाद से चार-चार छात्र सफल रहे।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

## लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।


कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे' एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।



# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

**खबर संक्षेप**

### कल से 21 तक आध्यात्मिक प्रत्यक्ष ज्ञान सत्संग होगा

**सोनीपत।** शहर में 19 से 21 जुलाई तक आध्यात्मिक प्रत्यक्ष ज्ञान सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिव मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ककरोई रोड, दहिया कॉलोनी गली नंबर-5 में होगा। सत्संग में आध्यात्मिक प्रत्यक्ष ज्ञान ट्रस्ट के संस्थापक योगी रविकांत श्रद्धालुओं को आध्यात्म, आत्मज्ञान और जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। आयोजकों के अनुसार सत्संग में जीवन के तनाव, चिंताओं, आंतरिक उलझनों और आत्मज्ञान जैसे विषयों पर सरल भाषा में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान लोग आध्यात्मिक जिज्ञासाओं से जुड़े प्रश्न भी पूछ सकेंगे और उनका समाधान प्राप्त कर सकेंगे। आयोजकों ने लोगों से सत्संग में भाग लेने की अपील की है।

### रजिस्ट्री कार्यालय में बैठने की व्यवस्था की मांग

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने रजिस्ट्री कार्यालय आने वाले लोगों की सुविधा के लिए परिसर में बैठने की बेहतर व्यवस्था करने की मांग उठाई है। संस्था के प्रधान संजय सिंगला और चेयरमेन वाई के त्यागी ने कहा कि रोजाना सैकड़ों लोग अपने जरूरी कार्यों के लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और दूर-दराज से आने वाले लोग भी शामिल होते हैं, जिन्हें लंबे इंतजार के दौरान धूप, गर्मी और बारिश में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि संस्था पहले भी अपने खर्च पर 10 बेंच, पंखे और ठंडे पानी का चिलर लगवा चुकी है, लेकिन अब यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

### नीरज हत्याकांड में छठा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की टीम ने खरखौदा में नीरज उर्फ कातिया की गोली मारकर हत्या करने के मामले में छठे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव मुरथल निवासी मनीष उर्फ मोंटी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 मई को खरखौदा कोर्ट के बाहर नीरज उर्फ कातिया की कार से टक्कर मारने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई सत्यवान की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही सन्नी, अवन उर्फ काला, नवनीत उर्फ साहिल, सोहन उर्फ काकू और साहिल को गिरफ्तार कर चुकी है।

### इंजीनियरिंग के 30 विद्यार्थियों का चयन

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत के 30 बीटेक और डिप्लोमा विद्यार्थियों का स्किलदुनिया ऑनलाइन कैंपस ड्राइव में चयन हुआ है। यह कैंपस ड्राइव 15 जुलाई को आयोजित की गई थी, जबकि परिणाम 16 जुलाई को घोषित किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों और संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। कॉलेज के अनुसार प्लेसमेंट अभियान प्लेसमेंट सेल अधिकारी डॉ. भावना मित्तल और फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर इंजी. तरुण मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# श्री जगन्नाथ रथयात्रा सामाजिक समरसता का महान पर्व : डॉ. शर्मा

## सहकारिता मंत्री ने पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ रथयात्रा में की सहभागिता

- कैबिनेट मंत्री ने भगवान श्री जगन्नाथ के समक्ष प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा भारतीय सनातन संस्कृति, आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पावन यात्रा समाज को एकता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश देती है। वे बीती शाम अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ स्वामी गुरुचरण दास सनातन धर्म समिति द्वारा आयोजित श्री जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल हुए। रथयात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ हुई। रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य रथ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भगवान श्री जगन्नाथ के समक्ष प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने के साथ-साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने रथयात्रा के सफल आयोजन के लिए स्वामी गुरुचरण दास सनातन धर्म समिति सहित सभी आयोजकों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं को बधाई दी। इस अवसर पर महन्त कमलपुरी महाराज, संजय मेहंदीरत्ता, हिमांशु ग्रोवर, आजाद मलिक, रमेश खुराना, अंजू कालड़ा, नरेन्द्र गहलावत, महेश तरीका, गोलू कपूर, राजकुमार कौशिक, कृष्ण जांगड़ा, विजय मग्गो, कृष्ण सैनी, सुरेश सेतिया, राजू बावा, गोपाल गेरा व बिजेन्द्र सैनी आदि उपस्थित रहे।



गोहाना। रथयात्रा में श्रद्धालुओं के साथ मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### शकुंतला मक्कड़ का मरणोपरांत नेत्र और देहदान



**गोहाना।** शहर की नेहरु कालोनी निवासी शकुंतला मक्कड़ (75) पत्नी स्व. किशोरी लाल मक्कड़ का शुक्रवार को स्वर्गवास हो गया। राधा स्वामी पंथ की अनुयायी शकुंतला मक्कड़ पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। देहावसान के बाद परिवार द्वारा पंडित भगवत दयाल शर्मा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक के माध्यम से पहले उनका नेत्रदान करवाया गया और फिर देहदान किया गया। शकुंतला मक्कड़ की अंतिम इच्छा थी कि मरणोपरांत उनका नेत्रदान और देहदान किया जाए। उनके परिवार में पुत्र-पुत्रवधू पंकज कुमार और सुमन, कुमार गौरव और वनिता, पौत्र-पौत्री गर्व, हर्मन, मुस्कान, जसमीत, भाई-भाभी सुजान खुराना और सत्यदेवी व बहन संतोष ने शकुंतला मक्कड़ की इस इच्छा को पूर्ण किया।

### विधायक ने ड्रेन डीडी-8 में करवाया पानी डाइवर्ट



**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) ने ग्रामीणों द्वारा सिंचाई के लिए पानी ना मिलने की शिकायत पर शुक्रवार को गांव मोई हुड्डा स्थित भालोठ एवं जेएलएन नहर पर बने हेड का निरीक्षण किया। विधायक ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों से स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक इंदुराज ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नहरों में पानी की आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी गांव के किसानों को सिंचाई के लिए भटकना न पड़े।

### जांच-उपचार के लिए आवश्यक परामर्श दिया



**खरखौदा।** ब्रह्मार्थ धाम खाटू श्याम मंदिर, सिसाना में रोहतास सिंह दहिया की अगुवाई में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर के प्रथम दिन युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। बालाजी एक्शन हॉस्पिटल, दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। शिविर के दौरान कई महिलाओं में स्तन कैंसर से संबंधित शुरुआती संकेतों की पहचान हुई, जिन्हें आगे की जाँच एवं उपचार के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर जाँच से गंभीर बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है। रोहतास सिंह दहिया का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।

### प्रताप स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न



**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने छह टीमों के रूप में भाग लिया। सभी टीमों ने विभिन्न चरणों में अपने ज्ञान और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबला बेहद रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने देश-विदेश, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, खेल एवं समसामयिक घटनाओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। कड़े मुकाबले के बाद जीनीयस स्क्वाड टीम से सूर्यांश, ऋषभ, राशी व परिनीति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं माइंड मास्टर टीम से अंशिका, झलकेश, शौर्य व चिराग ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि ब्राइट शार्क टीम से सागर, अर्थर, लाक्षी व आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### पिछड़ों के लिए मांगा राजनीतिक आरक्षण



**गोहाना।** अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर शुक्रवार को पिछड़ी जातियों के नेताओं ने पंचायत सदस्य से लेकर लोकसभा और चपरासी से लेकर उपायुक्त तक की नौकरियों में पिछड़े वर्ग के लिए दलित पैटर्न पर आरक्षण की मांग की। यह कार्यक्रम रोहतक-पानीपत मार्ग गोहाना स्थित अंबेडकर चौक में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पिछड़े वर्ग के नेता आजाद सिंह दांगी ने कहा जब से देश आजाद हुआ है तब से पिछड़े वर्गों को राजनीतिक आरक्षण की मांग की जा रही है। इस मौके पर नरेश प्रजापति, राजपाल, डॉ. बलजीत बैरागी, राज सिंह सेन मौजूद रहे।

### हवन से परीक्षा के लिए दी शुभकामनाएं



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में बीएएमएस अंतिम वर्ष की छात्राओं की 20 जुलाई से प्रारम्भ होने वाली विवि परीक्षाओं के सफल एवं मंगलमय आयोजन की कामना के साथ छात्रावास में वैदिक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के डीन डॉ. एसपी गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। विवि के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) शिवालिक यादव ने मुख्य यजमान के रूप में यज्ञ में आहुति अर्पित करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता की कामना की।

### रोटरी क्लब ने स्कूल को दिए ब्लैकबोर्ड



**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अर्देंट ने अपनी सेवा गतिविधियों के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, आरके कॉलोनी, मुरथल को निःशुल्क ब्लैकबोर्ड भेंट किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना था। क्लब के अध्यक्ष प्रमोद मोना भूटानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रोटरी का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े ऐसे कार्य लगातार करता रहेगा।

## बिजली बिलों के डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान शुरू किया : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

- काटे गए कनेक्शनों के बाद अनधिकृत बिजली उपयोग पर रोक : परवीन गर्ग



यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता (ऑपरेशन) मंडल, गन्नौर परवीन कुमार गर्ग।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने बिजली बिलों के डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता (ऑपरेशन) मंडल, गन्नौर परवीन कुमार गर्ग ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता (ऑपरेशन) सर्किल, सोनीपत के अधीन आने वाले सभी बिजली मंडलों में कनेक्शनों वाले परिसरों की जांच की जा रही है। अभियान का उद्देश्य बकाया बिलों के कारण काटे गए कनेक्शनों के बाद किसी भी प्रकार के अनधिकृत बिजली उपयोग पर रोक लगाना है। परवीन कुमार गर्ग ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न उपमंडलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग क्षेत्रों में भेजकर चिन्हित परिसरों का निरीक्षण कराया जा रहा है। जांच के दौरान यदि कहीं बिजली चोरी अथवा बिना अनुमति के विद्युत उपयोग पाया जाता है।

## पेयजल संकट से राहत को समाजसेवी मोहन सिंह गहलावत ने किया आरओ का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। आरओ का लोकार्पण करते मोहन सिंह गहलोत।

- 15 लाख रुपये की लागत से होगा श्मशान भूमि का सुधारीकरण

गांव रिढ़ाऊ में लंबे समय से गहराते पेयजल संकट के बीच ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। सुप्रसिद्ध समाजसेवी मोहन सिंह गहलावत ने गांव में एक नए आरओ प्लांट का लोकार्पण किया। यह आरओ प्लांट प्रति घंटे 1000 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम में सरपंच कृष्ण, पूर्व सरपंच राजेश, सुभाष पहलवान, जसवंत नंबरदार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुभाष, दादा हरिदास मंदिर के पुजारी भगवत दयाल सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि रिढ़ाऊ माइनर की टेल पर पिछले लगभग 15 वर्षों से पानी नहीं पहुंचा है। इसके कारण क्षेत्र का भूमिगत जलस्तर लगातार नीचे गिरता चला गया, जिससे हैंडपंप और बोरवेल भी प्रभावित हुए हैं। बढ़ते जल संकट के चलते गांव में स्वच्छ पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते हुए पंचायत ने पहले भी एक आरओ प्लांट स्थापित कराया था, लेकिन बढ़ती आबादी और अधिक मांग के कारण उससे सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए दूसरा आरओ प्लांट स्थापित किया गया है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या साथ में अतिथिगण।

### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर जागरूकता कार्यक्रम

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के जिला सुविधा कार्यालय, करनाल के सहयोग से एक दिवसीय ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह मुख्य अतिथि और आईआईसी सेल समन्वयक डॉ. प्रवीण शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। संस्था के प्रधान डॉ. ओ.पी. परूथी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वरोजगार और नवाचार को समय की आवश्यकता बताया। डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय युवाओं, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उद्यमिता की ओर बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ करनाल से उप-निदेशक नीतू और आरती, जिला उद्योग केंद्र सोनीपत से प्रवीण शर्मा, विशेषज्ञ वक्ता गौरी कपूर तथा डिजिटल द्रोणाचार्य के निदेशक आकाश शर्मा ने ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर जानकारी दी।

- एमएसएमई की योजनाओं और डिजिटल मार्केटिंग की दी गई जानकारी

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) सोनीपत में विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक दीपक शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट और वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए तथा उनके उद्देश्य और कार्यप्रणाली के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल और प्रोजेक्ट अंग्रेजी भाषा में समझाए, जिसकी अभिभावकों ने सराहना की। अभिभावकों ने छात्रों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और विषय ज्ञान की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और प्रस्तुतीकरण कौशल विकसित करने में सहायक होती हैं। विद्यालय के निदेशक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला और मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें भविष्य में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर निरंतर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

- छात्रों ने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर अभिभावकों को दी जानकारी



सोनीपत। विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

## गांव बाजीदपुर साबोली में बिजली संकट पर आंदोलन की चेतावनी

- सरपंच बोले, ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए तो सोमवार से होगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव बाजीदपुर साबोली में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और खराब बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गांव के सरपंच डॉ. सुनील कटारिया ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार से विभाग के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। डॉ. सुनील कटारिया ने बताया कि गांव में कई ट्रांसफार्मर लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनकी क्षमता भी जरूरत के अनुसार नहीं है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मरों में बार-बार स्पार्किंग होने से बिजली आपूर्ति बाधित रहती है और लोगों को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ती है। इससे घरेलू बिजली उपकरण खराब होने का खतरा भी बना रहता है।



सोनीपत। गांव में खराब ट्रांसफार्मर।

**पर्याप्त बिजली नहीं**

सरपंच ने कहा कि गांव की पंचायत की भूमि पर बिजली निगम का पावर हाउस बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद गांव को न तो पर्याप्त बिजली मिल रही है और न ही पंचायत को भूमि का उचित मुआवजा मिला है। उन्होंने कहा कि यदि निगम ने जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो ग्रामीण पंचायत के नेतृत्व में आंदोलन तेज करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

**बैठक** सर्व कर्मचारी संघ ने 6, 7 व 8 अगस्त को तीन दिवसीय हड़ताल का लिया निर्णय

# सरकार पर नगरपालिका-फायर कर्मचारियों के साथ विश्वासघात का आरोप, आंदोलन का बजाया बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रदेश सरकार की ओर से 13 मई को हुए समझौते को लागू न करने से नाराज नगरपालिका एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय के साथ पार्क में जिलास्तरीय बैठक की। जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य नेता एवं जिला प्रधान राजा चौहान, मंच का संचालन जिला सचिव राजीव खत्री ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह ने सरकार पर कर्मचारियों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 13 मई को नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की हड़ताल समाप्त करवाने के लिए शहरी स्थानीय निकाय एवं आबकारी एवं कराधान मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में समझौता किया था। समझौते के अनुसार 30 जून तक मानी गई सभी मांगों के आदेश जारी किए जाने थे, लेकिन आज तक सरकार ने एक भी आदेश जारी नहीं किया। इससे पालिका परिषदों, नगर निगमों एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।





सोनीपत। नगर निगम कार्यालय के साथ पार्क में जिलास्तरीय बैठक के दौरान विचार रखते सर्व कर्मचारी संघ के नेता। फोटो : हरिभूमि

**सरकार ने समझौते को लागू नहीं किया**

सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में सिरसा एवं फतेहाबाद से जिलास्तरीय रैलियों का शुभारंभ कर आंदोलन का बिगुल बजा दिया गया है। यदि 5 अगस्त तक सरकार मानी गई मांगों के आदेश जारी नहीं करती, तो 6, 7 व 8 अगस्त को प्रदेशभर के पालिका एवं फायर कर्मचारी तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल करेंगे। नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को 30 जून तक पूरा करने का वादा किया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद सरकार ने समझौते को लागू नहीं किया। इससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार का वादा झूठा साबित हुआ। महासचिव मांगेराम ने कहा कि पालिका रोल पर कच्चे एवं ठेका कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, अग्निशमन विभाग के अनुबंध ड्राइवरों व फायरमैन को नियमित करने, फरीदाबाद कालकाजी स्टील कंपनी में 16 फरवरी को आगजनी व विस्फोट में मारे गए भवीचंद शर्मा, रणवीर की पत्नी को फैसले के अनुसार पक्की नौकरी व अन्य सहमत मांगों पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना जारी

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच से जुड़े मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना का धरना शुक्रवार को 29वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि सफाई का नया टेंडर जारी होने और ठेकेदार को कार्यादेश मिलने के बावजूद कर्मचारियों के सामने कई नई शर्तें रखी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शपथ पत्र में यूनियन से दूर रहने, हड़ताल में शामिल नहीं होने, उल्लंघन पर बिना सूचना नौकरी से हटाने, विभागीय जुर्माने की राशि कर्मचारियों से वसूलने तथा प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के दौरे जैसी स्थिति में 24 घंटे काम करने जैसी शर्तें शामिल हैं। मंच ने इन शर्तों को कर्मचारी हितों के खिलाफ बताते हुए शपथ पत्र का बहिष्कार करने की घोषणा की। मुकेश टांक ने कहा कि ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच की लड़ाई ठेका प्रथा समाप्त होने तक जारी रहेगी। धरने में सचिव सावन कुमार, रविंद्र उपप्रधान, सोनू, रितेश, सहसचिव अमित, हिरेंद्र बिड़लान, संदीप, राजेश, अंजू, माया, सुनीता, मंजू, पल्लवी, ऊषा सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। जारीकर्ता सहसचिव युधिष्ठिर ने बताया कि आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

### गुहणा में पावर ग्रिड के खिलाफ धरना 40वें दिन भी जारी

**सोनीपत।** गांव गुहणा में पावर ग्रिड की हाईटेंशन लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 40वें दिन भी जारी रहा। धरने में गुहणा, जाजी, मोहाना, भैंसवाल, बिलबिलाण और आवली गांव के प्रभावित किसान शामिल हैं। किसानों का कहना है कि पावर ग्रिड की ओर से उनकी जमीन का मूल्यांकन वास्तविक बाजार दर से काफी कम किया गया है। उनका कहना है कि यह क्षेत्र एनसीआर के फ्री जोन में आता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्णावती अस्पताल सोनीपत के Indoor मरीजों से संबंधित 31 अप्रैल 2021 से पहले के सभी रिकॉर्ड्स (जन्म मृत्यु एवं एमएलसी को छोड़कर) नष्ट करने की प्रक्रिया 30 सितंबर 2026 को की जायेगी। यदि किसी व्यक्ति को इससे संबंधित कोई जानकारी लेनी है तो वह 31 अगस्त 2026 तक संम्पर्क कर सकता है।

MRD incharge Krishnawati Hospital
mob. 7419193131.

